Seat No. : _______________

AC-128

April-2016

B.A., Sem.-VI

CC-312: Hindi

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. संज्ञा की परिभाषा देकर संज्ञा के प्रकार सोदाहरण लिखिए । **14**

अथवा

वर्ण की परिभाषा देकर स्वर और व्यंजन का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए ।

2. विशेषण की परिभाषा देकर विशेषण के प्रकार सोदाहरण लिखिए । **14**

अथवा

अव्यय की परिभाषा देकर अव्यय के प्रकार सोदाहरण लिखिए ।

3. कारक की परिभाषा देकर कारक और विभक्ति को सोदाहरण समझाइए । **14**

अथवा

समास की परिभाषा देकर अव्ययीभाव, कर्मधारय और द्वन्द्व समास का परिचय दीजिए ।

4. टिप्पणी लिखिए : **14**

(अ) वाक्य के अंग, उद्देश्य और विधेय

अथवा

वाक्य का स्वरूप

(ब) अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार

अथवा

रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(अ) निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत बताइए : (पूरे वाक्य में उत्तर लिखिए ।)

(1) क्रिया के शब्द विकारी होते हैं ।

(2) क्रिया के मुख्य दो भेद हैं ।

(3) पुरुष वाचक सर्वनाम में कुल दो पुरुष होते हैं ।

(4) किसी शब्द के पीछे जुड़कर भिन्न अर्थ वाला एक नया शब्द बना देता हैं उसे उपसर्ग कहते हैं ।

(5) कारक के कुल नव भेद हैं ।

(6) 'त' वर्ग के वर्ण उच्चारण स्थान की दृष्टि से 'तालव्य' में गिने जाते हैं ।

(7) 'वडोदरा एक सुन्दर शहर है' वाक्य में वडोदरा जातिवाचक संज्ञा है ।

(ब) दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' में _________ सर्वनाम है ।

(निज वाचक, निश्चय वाचक, संबंध वाचक)

(2) अल्पप्राण, महाप्राण ________ है ।

(सर्वनाम, स्वर, व्यंजन के भेद)

(3) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द ________ कहलाते हैं ।

(विशेषण, सर्वनाम, कारक)

(4) ______ वह ध्वनि है, जिसके उच्चारण में हवा अबाध गति से मुखविवर से निकल जाती है ।

(व्यंजन, स्वर, अक्षर)

(5) 'कमल-नयन' में _______ समास है ।

(अव्ययीभाव, द्वन्द्व, कर्मधारय)

(6) जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला दे या उसका अर्थ बदल दे उसे _______ कहा जाता है ।

(प्रत्यय, उपसर्ग, अव्यय)

(7) अति, अधि, उप, सत _______ उपसर्ग है ।

(फारसी, संस्कृत, हिन्दी)